**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3248

उत्तर देने की तारीख: 09.12.2019

**केंद्रीय विद्यालयों के पुस्तकालयों में कर्मचारी**

**†3248.श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**डॉ. सुकान्त मजूमदारः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**
**श्री भोला सिंहः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने अपने स्कूल पुस्तकालयों में अधीनस्थ कर्मचारियों की तैनाती का प्रावधान किया है;
(ख) यदि हां, तो दिल्ली क्षेत्र के केवी का ब्यौरा क्या है जहां अधीनस्थ कर्मचारियों तैनात हैं;
(ग) क्या केवीएस द्वारा जारी किए गए निर्देशों के बावजूद, कुछ केन्द्रीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है और यदि हां, तो दिल्ली क्षेत्र सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है;
(घ) क्या अधीनस्थ कर्मचारियों की तैनाती के बिना लाइब्रेरियन को कक्षा अध्यापक नियुक्त किया गया है और यदि हां, तो दिल्ली क्षेत्र में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा स्कूल पुस्तकालयों के कुशल कार्यकरण को सुनिश्चित करने हेतु अधीनस्थ कर्मचारियों की तैनाती के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को उनके प्रशासनिक नियंत्रण के तहत उनके प्रधानाचार्यों को स्कूल में पुस्तकालयाध्यक्ष को सहायता देने के लिए एक उप-कर्मचारी की तैनाती करने का परामर्श देने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

(ख): दिल्ली क्षेत्र, में केवि जहां उप-कर्मचारी तैनात किए गए हैं, का विवरण निम्नानुसार है:

| केवि का नाम |
|---|
| एजीसीआर कॉलोनी, एड्रजगंज, छावला कैंप, 1 दिल्ली कैंट, 2 दिल्ली कैंट, 3 दिल्ली कैंट, द्वारका सैक्टर-5, द्वारका सैक्टर-12, गोल मार्केट, केशवपुरम, मस्जिद मोठ, पश्चिम विहार, पीतमपुरा, पुष्पविहार, आरकेपुरम सैक्टर-2, आरकेपुरम सैक्टर-4, आरकेपुरम सैक्टर-8, एएफएस रजोकरी, रोहणी सैक्टर-3, रोहणी सैक्टर-8, रोहणी सैक्टर-22, रोहणी सैक्टर-25, रोहणी सैक्टर-28, सैनिक विहार, शालीमार बाग, टैगौर गार्डन, एफएस तुगलकाबाद, एनएफसी विज्ञान विहार, द्वारका एसपीजी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केवि (प्रेसिडेन्ट एस्टेट), सीआरपीएफ झड़ोदाकलां, जेएनयू न्यू महरोली रोड़, नरेला, खिचड़ीपुर, एनटीपीसी बदरपुर, और एएआई रंगपुरी। |

(ग): कुछ केविएस के प्रधानाचार्यों द्वारा उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न किए जाने के कुछ मामलो के फलस्वरूप, केविएस द्वारा इन निर्देशों को पुन: दोहराया गया है।

(घ): जी, नहीं।

(ड.): इस संबंध में जारी इन निर्देशों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु 25.11.2019 को पुन: दोहराया गया है।

*****